दिनांक 27.04.2019

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ जमीन के अंदर सुख रहे पानी के स्त्रोत को बचाने के लिए हमें हर स्तर पर वाटर हार्वेस्टिंग लागू करना होगा। बरसाती पानी शहर के जिस-जिस स्थान पर एकत्र होते हैं ऐसे स्थलों को चिन्हांकित कर हर जोन में सामुदायिक वाटर हार्वेस्टिंग बनाया जाये तालाबों के भरने के बाद उसका पानी ओव्हर फ्लो न हो इसलिए तालाब के बीच में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बना लें। पानी अमूल्य है इसका संचय और सुरक्षा की जिम्मेदारी भी हमारी ही होनी चाहिए।

आयुक्त एस 0के0 सुंदरानी ने निगम सभागार में शनिवार को आयोजित बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उक्त बातें कहीं। उन्होने आगे कहा कि प्रकृति से प्रदत्त अमूल्य चीजों की सुरक्षा यदि आज हम नहीं करेंगे तो आने वाला कल भयवाह होगा। आने वाले बारिश में हमारी कोशिश होनी चाहिए कि शहर का पानी शहर में ही एकत्र हो और उसे जमीन के अंदर भेजने की जिम्मेदारी हम सब की है, यह आपकी ड्यूटी तो है उससे कहीं ज्यादा प्रकृति के प्रति आपका दायित्व है , इस कार्य को आप सार्वजनिक हित का कार्य समझकर पूरा करें। निगम क्षेत्र के जितने बोर अनुपयोगी हो गये हैं उसे बरसाती पानी को जमीन के भीतर भेजने के लिए वाटर हार्वेस्टिंग के रुप में उपयोग करें , शहर के सभी कुएं की सफाई कर उसके मुहाने पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से जाली लगाये या पार के दीवाल को ऊंचा करें ताकि उसका उपयोग वाटर हार्वेस्टिंग के रुप में किया जा सके। आयुक्त ने सभी जोन आयुक्तों से कहा कि आपकी जोन के अंदर जितने भी बड़े पानी टंकी बनाये गये हैं उसमें सेन्सर लॉकिंग सिस्टम लगाये ताकि टंकी जब भर जाये तो उसकी जानकारी मिल सके और मोटर को बंद कर ओव्हर फ्लो से बचाया जा सके! पूर्व में बनाये गये बड़े पानी टंकी जो जर्जर हो चुके हैं अथवा जिससे पानी अनवरक टपकते रहते हैं ऐसे टंकियो का संधारण कार्य शीघ्र करें।